# इग्नू ने एमबीए में चार नए विषय शुरू किए

जागरण संवाददाता, देहरादून : इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) ने जुलाई 2022 सत्र के लिए एमबीए में चार नए विषय शुरू किए हैं। ये मानव संसाधन प्रबंधन, संचालन प्रबंधन, वित्त प्रबंधन और विपणन प्रबंधन हैं। इनके अलावा एमबीए (सामान्य) आफलाइन व आनलाइन मोड में भी उपलब्ध है।

एमबीए बैंकिंग और वित्त भी उपलब्ध है, जो बैंकिंग क्षेत्र में काम करने वाले अधिकारियों के अनुरूप बनाया गया है। इस प्रकार कुल सात प्रकार के एमबीए कार्यक्रम हैं। इग्नू के वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक डा.अनिल कुमार डिमरी ने बताया कि ये सभी एमबीए अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआइसीटीई) से स्वीकृत हैं। एआइसीटीई ने इग्नू को जुलाई 2022 सत्र के लिए एमबीए कार्यक्रम में एक लाख दाखिले की मंजूरी दी है। इनमें से किसी भी एमबीए कार्यक्रम में प्रवेश के लिए कोई प्रवेश परीक्षा नहीं है। प्रवेश के लिए आवेदक सीधे इग्नू के समर्थ पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। आवेदक को न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातक उत्तीर्ण होना चाहिए।

## 31 जुलाई तक कर सकते हैं आवेदन

इग्नू के सहायक क्षेत्रीय निदेशक डा. जगदंबा प्रसाद ने बताया कि जुलाई 2022 सत्र के लिए प्रवेश शुरू हो गए है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई है। आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन से पहले प्रबंधन कार्यक्रमों को देखें। शुल्क भुगतान सहित प्रवेश की सभी प्रक्रियाएं इग्नू के समर्थ पोर्टल के माध्यम से की जा रही हैं।

- मानव संसाधन, संचालन, वित्त और विपणन प्रबंधन में कर सकते हैं एमबीए
- इग्नू को जुलाई 2022 सत्र के लिए एक लाख दाखिले की मिली है मंजूरी

देहरादून की और भी खबरें पढ़ें
www.jagran.com

# इग्नू में 2022 सत्र के चार नए एमबीए प्रोग्राम लांच

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

इग्नू ने जुलाई 2022 सत्र के लिए 4 नए एमबीए प्रोग्राम लॉन्च किए इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) ने हाल ही में जुलाई 2022 सत्र के लिए 4 नए एमबीए प्रोग्राम शुरू किए हैं।

ये मानव संसाधन प्रबंधन संचालन प्रबंधन वित्त प्रबंधन और विपणन प्रबंधन में एमबीए हैं। इनके अलावा, एम बी ए (सामान्य) ओ डी एल मोड और ऑनलाइन मोड में भी उपलब्ध है।

एमबीए बैंकिंग और वित्त भी उपलब्ध है जो बैंकिंग क्षेत्र में काम करने वाले अधिकारियों के लिए एक अनुरूप बनाया गया कार्यक्रम है। इस प्रकार कुल सात प्रकार के एम बी ए हैं जिनके लिए इग्नू के जुलाई 2022 सत्र के दौरान प्रवेश खुले हैं। इग्नू के वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक डॉ. अनिल कुमार डिमरी ने बताया कि ये सभी एमबीए एआईसीटीई द्वारा विधिवत स्वीकृत हैं। एआईसीटीई ने इग्नू को जुलाई 2022 सत्र के लिए एमबीए प्रोग्राम में 1 लाख दाखिले की मंजूरी दे दी है।

इनमें से किसी भी एमबीए प्रोग्राम में प्रवेश के लिए कोई प्रवेश परीक्षा नहीं है। प्रवेश के लिए आवेदक सीधे इग्नू के समर्थ पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। इनमें से किसी भी कार्यक्रम में प्रवेश के लिए पात्र होने के लिए आवेदक को न्यूनतम 50प्रतिशत अंकों के साथ स्नातक उत्तीर्ण होना चाहिए।

इग्नू के इस सत्र के लिए प्रवेश शुरू हो गया है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2022 है। आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे इसके लिए आवेदन करने से पहले प्रबंधन कार्यक्रमों के विवरणिका को देखें। शुल्क भुगतान सहित प्रवेश की सभी प्रक्रियाएं इग्नू के समर्थ पोर्टल (https://ignouadmission.samarth.edu.in/) के माध्यम से की जाएंगी।